Unauthorised Construction on Pavements near Central Secretariat Bus Stand

543. SHRI NAND KISHORE BHATT:

SHRIMATI MONIKA DAS:

Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) whether Government are aware that a large number of unauthorised construction on pavements have come up around the DTC bus stand near the Central Secretariat, New Delhi;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action Government propose to take in this regard?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING (SHRI ABDUL GA-FOOR): (a) The N.D.M.C, have denied this.

(b) and (c) Do not arise.

कृषि वैज्ञानिकों की सेवाओं का प्रभावी उपयोग

544. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि अनुसंधान सेवा को इंजीनियरी सेवा के बराबर का दर्जा दिया गया है ;

(ख) क्या कृषि वैज्ञानिकों की सेवाओं के उपयोग को और अधिक प्रभावी बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री (श्री बूटा सिंह) : (क) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अन्तर्गत जोकि सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के तहत एक रजिस्टर्ड सोसायटी है, कृषि अनुसंधान सेवा एक अखिल भारतीय सेवा है। इस कृषि सेवा में तीन ग्रेड हैं अर्थात् एस–1 (रु० 700–1300), एस–2 (रु० 1100–1600) और एस–3 (रु० 1500–2000) जो भारत सरकार के वर्ग 'ए' के ग्रेड (वेतनमान) के समकक्ष है।

(ख) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् में नियुक्त कृषि वैज्ञानिकों की सेवाओं का पहले से ही कारगर ढंग से उपयोग किया जा रहा है।

(ग) उपरोक्त (ख) को देखते हुए इसका प्रश्न ही नहीं उठता।

545. [*Transferred to the 24th January, 1985.*]

विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का उत्पादन और उनकी खपत

546. **श्री वीरेन्द्र वर्मा :** क्या कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1981–82, 1982–83 और 1983–84 के वर्षों के दौरान नाइट्रोजन, फास्फेट अर्थात् पोटाश किस्म के उर्वरकों का कितनी मात्रा में आयात किया गया और कुल आयातित मात्रा तथा उनके अलग-अलग प्रति टन मूल्य सहित उसका ब्यौरा क्या है ।

(ख) इन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष तीनों प्रकार के उर्वरकों का देश में कितनी मात्रा में उत्पादन हुआ और प्रति टन उत्पादन लागत का वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन तीन वर्षों के दौरान देश में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की खपत का अलग-अलग वर्षवार ब्यौरा क्या है ?